महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सलियों के फुलबगड़ी जनताना अध्यक्ष ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान नई सुबह-नई शुरुआत के तहत नक्सलियों के जनताना सरकार अध्यक्ष मुचाकी भीमा उम्र 35 वर्ष निवासी थाना फुलबगड़ी ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय नक्सल ऑप्स में द्वितीय कमान अधिकारी 02 री वाहिनी सीआरपीएफ अनामी शरण एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स रजत कुमार नाग के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया गया है। आत्मसमर्पित नक्सली मुचाकी भीमा थाना फुलबगड़ी एवं थाना गादीरास क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहा।

करोड़ों का सरिया हड़प गए आरोपी

रायपुर (आरएनएस)। तेंदुआ स्थित आरकेएस स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से 174.58 एमटी सरिया खरीदकर 1 करोड़ 25 लाख 1852 रुपए का भुगतान ना कर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शांति विहार कालोनी डगनिया निवासी प्रार्थी राजकुमार पालीवाल 49 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि आरोपी हिमांशु गुप्ता, कविश गुप्ता व अन्य 2 ने 1 जुलाई 2021 को आरकेएस स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से 174.58 एमटी सरिया खरीदा, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 25 लाख 1852 रुपए है। जिसका भुगतान आरोपियों ने नहीं किया और मोबाइल बंद कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धोखाधड़ी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस लाइन धमतरी गेट के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्ता बाड़ा टिकरापारा निवासी प्रार्थी चंद्रेश सोनकर 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल रात पुलिस लाइन धमतरी गेट के पास आरोपी रजा खान, इमरान खान ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला बंदी ने जेल प्रहरी से की मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के सेंट्रल जेल में एक महिला बंदी ने अपना वर्चस्व जमाने महिला जेल प्रहरी से मारपीट किया। जेल प्रहरी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी महिला बंदी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला प्रहरी प्रार्थिया माधुरी वर्मा 46 वर्ष अपनी ड्यूटी पर थी। तभी नारकोटिक्स एक्ट मामले में डेढ़ माह से जेल में बंद आरोपी महिला मोनिका सचदेव 32 वर्ष ने किसी बात को लेकर प्रार्थिया से विवाद करने लगी। जिसके बाद आरोपी मोनिका ने उसके साथ मारपीट किया। जिससे प्रहरी को चोट आई। मामले में पुलिस ने आरोपी मोनिका के खिलाफ धारा 186, 294, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुराने विवाद के चलते युवक को पीटा

रायपुर (आरएनएस)। अयोध्यानगर चंगोराभाठा में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार महादेव नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी प्रार्थी रविशंकर गुप्ता 38 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राजा देवांगन अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

देवी-देवताओं के आस्था का महाकुंभ है 75 दिवसिय बस्तर दशहरा

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग मुख्यालय में 75 दिनो तक चलने वाले रियासत कालीन बस्तर दशहरा में बस्तर संभाग के समस्त ग्रामों के देवी-देवताओं को बकायदा तहसीलदार जगदलपुर के द्वारा बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा जाता है। जिसमें 6166 देवी-देवताओं के ग्रामीण प्रतिनिधि बस्तर दशहरे की पूजा विधान को संपन्न कराने के लिए विशेष तौर पर शामिल होते हैं। इसके साथ ही हजारों देवी देवताओं के साथ लाखों ग्रामीण बस्तर दशहरा शामिल होते हैं। नवरात्र के पंचमी तिथि में विशेष तौर पर बस्तर के राजपरिवार के द्वारा दंतेवाड़ा स्थित दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अनुष्ठान के साथ मावली परघाव पूजा विधान में शामिल होने के लिए मावली माता सहित समस्त देवी देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। इसके साथ ही बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में देवी-देवताओं के आस्था का महाकुंभ में शामिल होने के लिए बस्तर संभाग सहित बस्तर से लगे पड़ोसी राज्यों के देवी-देवताओं सहित सभी ग्रामों के देवी-देवता को लेकर ग्रामीण बस्तर दशहरा में शामिल होते हैं। बस्तर दशहरे पर आमंत्रित देवी-देवताओं की संख्या को देखते हुए, कहा जा सकता है कि, बस्तर दशहरा बस्तर के वनवासी जनजातियों की आस्था का महाकुंभ है।

बस्तर राजवंश की कुल देवी दंतेश्वरी के विभिन्न रूप इस पर्व पर नजर आते हैं, राज परिवार की कुलदेवी दंतेश्वरी के बस्तर में स्थापित होने के बाद यहां कई ग्रामों की देवी को दंतेश्वरी के रूप में पूजी जाती है, जिसमें मांई दंतेश्वरी सोनारपाल, धौड़ाई, नलपावंड, कोपरामाडपाल, फूलपदर, बामनी, सांकरा, नगरी, नेतानार, सामपुर, बड़े तथा छोटे डोंगर में देखा जा सकता है, वहीं दूसरी ओर बस्तर की स्थानीय मूल देवी मावली माता को माना जाता है। यही कारण है कि बस्तर दशहरा का सबसे आकर्षण का केंद्र मावली परघाव पूजा विधान के रूप में हमें देखने को मिलता है। बस्तर दशहरे में दंतेवाड़ा से यहां पहुंचने वाली मावली माता की डोली मणिकेश्वरी के नाम पर दंतेवाड़ा में देखने को मिलती है। क्षेत्र और परगने की विशिष्टता एवं परम्परा के आधार पर मावली माता के एक से अधिक संबोधन देखने-सुनने को मिल जाते हैं। जैसे घाट मावली (जगदलपुर), मुदरा (बेलोद), खांडीमावली (केशरपाल), कुंवारी मावली (हाटगांव) और मोरके मावली (चित्रकोट) है। मावली माता की स्थापना माड़पाल, मारकेल, जड़ीगुड़ा, बदरेंगा, बड़ेमारेंगा, मुण्डागांव और चित्रकोट में हैं। इसी तरह हिंगलाजिन माता की स्थापना विश्रामपुरी, बजावंड, कैकागढ़, बिरिकींगपाल, बनियागांव भंडारवाही और पाहुरबेल में है। इसी तरह कंकालीन माता, जलनी माता की भी स्थापना बस्तर के विभिन्न गांवों में है।

देवी-देवताओं को उनकी शक्ति, पद और प्रतिष्ठा के अनुरूप दिये गये सम्मान में भैरमदेव को सर्वाधिक शक्तिशाली माना जाता है। भैरम के और भी रूप हैं, जिसमें जद भैरम, बूढ़ा भैरम और पीला भैरम मिलते हैं। घोड़ावीर, कालवाम, गायतादेव, सिंगदेव, जांगड़ादेव तथा भीमादेव भी पूजे जाते हैं। इनके साथ चल रहे भक्त घंटी, मोहरी, नगाड़ा, तुरही, शंख आदि बजाते हुए चलते हैं। सिरहा खुले बदन अपने आप को कोड़े मारता हुआ चलता है। कहा जाता है कि उस पर देवी की सवारी आती है। जुलूस के आगे-आगे चल रही भक्तों की भीड़ सिरहा के लिए रास्ता छोड़ती हुई चली जाती है, साथ ही पुजारी लोग आंगा देव को कंधे पर रखकर आड़े तिरछे दौड़ते हुए चलते हैं, जिससे जुलूस में शामिल नागरिकों में भय की भावना उत्पन्न होती है और वे दौड़ते हुए आंगा देव के सम्मान में किनारे हट कर रास्ता दे देते हैं।

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आमंत्रित देवी-देवताओं के प्रतीक स्वरूप उनके पुजारी या सिरहा की अगुवाई में प्रतीक चिन्ह एवं पूजा पात्र उपकरण याथा डोली, लाट, छत्र, बडग़ा आदि लेकर नगर के विभिन्न स्थलों में डेरा जमाते हैं और पूजा आदि में भागीदारी निभाते हैं। जन-जन की भागीदारी इस पर्व को बस्तर की लोकतांत्रिक परम्परा का अनूठा स्वरूप प्रदान करती है। अपनी तमाम खूबियों के बीच कई टन वजनी दो मंजिला विशालकाय रथ की परिक्रमा पर्व का खास आकर्षण है, जिसे अपने कैमरे में कैद करने देशी-विदेशी पर्यटकों में होड़ लगी रहती है।

बस्तर दशहरा पूजा विधान के कार्यक्रम को गौर से देखा जाए तो यह स्पष्ट है की बस्तर दशहरा के प्रारंभ होने के साथ ही संभाग मुख्यालय के भंगाराम चौक में स्थित काछन देवी का स्थान है जहां काछन गादी पूजा विधान के तहत काछन देवी के द्वारा बस्तर दशहरा के प्रारंभ करने एवं निर्विघ्न संपन्न करने हेतु आशीर्वाद प्राप्त होने के बाद भी बस्तर दशहरा के विभिन्न पूजा विधान प्रारंभ हो जाते हैं। जोगी बिठाई के रूप में माता मावली के मंदिर से परंपरानुसार जोगी परिवार के देवी देवताओं के साथ पूजा विधान संपन्न कर रियासत कालीन खडक़ अर्थात तलवार धारण कर दशहरा के निर्विघ्न संपन्नता की कामना के साथ 09 दिनों तक एक स्थान पर बैठ जाता है।

स्कूल के दिनों की यादें ताजा हो गईं जब मुख्यमंत्री को मिल गए सहपाठी गंगूराम

0 मुख्यमंत्री ने पूछा - तें इंहा कइसे, तोर गांव तो गुढियारी म हे ना?

बालोद (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भेंट मुलाकात के दौरान गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलौदी पहुंचे। यहां पर उन्होंने स्थानीय सरपंच के दिवंगत पुत्र स्व. भूपेन्द्र सारथी के निज निवास पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्हें सेवानिवृत्त शिक्षक गंगूराम साहू मिल गए। मुख्यमंत्री ने उन्हें सहसा देखकर पूछा-गंगूराम, तें इंहा कइसे, तोर गांव तो गुढियारी (पाटन) हे ना? तब साहू ने बताया कि वह रिटायर हो गए हैं और अब वह इन दिनों अपने ससुराल (ग्राम बेलौदी) में रह रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए अपने पास बुला लिया। दोनों सहपाठी ने आपस में संक्षिप्त चर्चा करते हुए स्कूल के दिनों की याद ताजा की। साहू ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि इतने दिनों बाद भी स्कूल के दिनों की बातें याद हैं, जबकि आज प्रदेश के मुखिया के तौर पर उनकी दिनचर्या बेहद व्यस्त रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि वास्तव में मुख्यमंत्री आज भी जमीन से जुड़े हुए हैं और सहपाठियों के नाम आज भी याद हैं। साहू ने यह भी बताया कि जिस स्कूल (मिडिल/हायर सेकंडरी स्कूल मर्रा) में पढ़ाई की। वहीं पर उन्होंने शिक्षक के तौर पर अपनी सेवाएं भी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने उनके कंधे पर थपकियां लगाकर कहा कि यह बात उन्हें पहले से ही पता है।

63 वर्षीय गंगूराम साहू ने बताया कि शासकीय मिडिल स्कूल व हाई स्कूल मर्रा में कक्षा छठवीं से 12वीं तक वे मुख्यमंत्री के सहपाठी रहे। उन्होंने यह भी बताया कि उस समय मुख्यमंत्री काफी मेधावी छात्र तो थे ही, साथ में वे अधिकारों को लेकर बेहद जुझारू भी रहे। हाई स्कूल की पढ़ाई के दौरान वे (मुख्यमंत्री) छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे। संभवतः उनके उत्कृष्ट नेतृत्व की नींव इसी स्कूल में पड़ी। स्कूल के दिनों के सखा, जो आज मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश की सेवा कर रहे हैं उनकी शालीनता, सादगी और सहृदयता को देखकर वृद्ध गंगूराम भाव विह्वल हो गए।

दो अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार हनुमान नगर संतोषी नगर निवासी ज्ञानदास मानिकपुरी 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पल्सर बाइक क्रमां सीजी 04 एमएच 4180 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में संतोषीनगर खमराई निवासी विकास शर्मा 40 वर्ष ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनएम 1187 से यशवंत अस्पताल गया था, जहां अस्पताल के बाहर गाड़ी खड़ी कर अंदर गया, जब वापस आया, तो देखा कि एक्टिवा गायब था। चोरी गए, एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

8 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट रविवार 18 सितम्बर को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेंगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 सितम्बर रविवार को वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू स्टेशन के सामने वाला मोहल्ला, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय के पास, वार्ड क्र. 21 बुधवारी गणेश पण्डाल दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार, वार्ड क्र. 42 रूमगरा स्कूल के सामने स्टेज, वार्ड क्र. 50 पावरसिटी गेट के पास सांस्कृतिक मंच के सामने, वार्ड क्र. 56सेन्द्रीपाफाई सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 63 भूसडीपारा आंगनबाड़ी केन्द्र के पास कैम्प लगाए जाएंगे। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने संबंधित वार्ड पार्षदों से अपील करते हुए कहा है कि वार्डो में लगने वाले मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविरों की जानकारी वार्ड के नागरिकों को देने के साथ ही शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी नि:शुल्क जांच व बीमारियों का इलाज करा सके तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।

ग्रामीण युवा शक्ति का उपयोग गांव के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी -कलेक्टर

0 क्लब में ग्रामीण युवाओं को जोडक़र ग्रामीण विकास एव अन्य रचनात्मक गतिविधियों के संबंध में बनाए कार्य योजना

0 कलेक्टर डॉ भुरे ने अभनपुर विकासखंड के राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्षों को मार्गदर्शन प्रदान किया

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे आज अभनपुर विकासखंड के राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।जनपद कार्यालय अभनपुर के सभाकक्ष में अध्यक्षों को उन्होंने क्लब के उद्देश्यों से अवगत कराया।उन्होंने कहा की गांव के युवा शक्ति का उपयोग गांव के सर्वांगीण विकास के लिए करना है। युवा रचनात्मक कार्य से जुडक़र सामाजिक बुराई को दूर कर सकते हैं।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण युवा संस्कृति एवं पर्यावरण के संरक्षण, कुपोषण को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वच्छता अभियान, विभिन्न खेल गतिविधियां, नशा मुक्ति आदि कार्यों को करने में अपनी महती भूमिका निभा सकते है।इसके साथ ही रोजगार तथा शासकीय हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सकता है।क्लब में ग्रामीण युवाओं को जोडक़र ग्रामीण विकास एव अन्य रचनात्मक गतिविधियों के संबंध में कार्य योजना बनाएं।इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष देवनंदनी साहू,उपाध्यक्ष राजू बारले,जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रवि मित्तल एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

धीमी साईकिल दौड चाकलेट दौड कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

कोरबा (आरएनएस)। महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में चांकलेट दौड, कुर्सी दौड, धीमी साईकल दौड, अग्रसेन भवन, में अयोजन किया गया महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में चॉकलेट दौड में अयोजित कि गई जिसमें वर्ग अ में कक्षा 3 तक के बालक बालिकाओं के लिए जिसमें 75 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया वर्ग ब कक्षा 4 से कक्षा 7 तक बालक बालिकाओं के लिए जिसमें 70 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया कुर्सी दौड दो वर्ग में आयोजित कि गई जिसमें वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक बालिकाओं के लिए जिसमें 80 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया वर्ग ब कक्षा 4 से कक्षा 7 तक बालक बालिकाओं के लिए जिसमें 64 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया धीमी सायकल दौड जो कक्षा 1 से कक्षा 5 तक बालक बालिकाओं के लिए जिसमें 36 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया दिनांक 17.09.2022 को अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा किड्स डांस प्रतियोगिता का अयोजन शाम 4:00 बजे से अग्रसेन पब्लिक स्कूल में किया गया है जो दो वर्ग में अयोजित कि जायेगी वर्ग अ में कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 37 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया। वहीं वर्ग ब में कक्षा 4 से 6 तक बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 18 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया विभिन्न गानों के साथ अपने डांस कि रंग रग प्रस्तुति बच्चों के द्वारा कि गई अग्रवाल सभा के मडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया किया दिनांक 19.09.2022 को अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा हॉउजी प्रतियोगिता का अयोजन शाम 3:30 बजे से कन्या महाविद्यालय में किया गया है जो सभी बालिकाओं एवं महिलाओं होगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरुणाम श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.सी.वर्मा, श्रीमती रेखता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। ताकि शी, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य शर्म में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ सदस्यता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संस्थानों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जागरूक किया जायेगा।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन उच्च पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को इसके माध्यम से मदद करवाया जायेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल विचार पर मानव निर्मूलियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

हुनरमंदों को आगे बढऩे से कोई रोक नहीं सकता : एसपी संतोष सिंह

❒ जेएसएस कोरबा में कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित

कोरबा (आरएनएस)। जो लोग अपने आप को हुनरमंद बनाने के लिए आगे बढ़ते हैं, उनको कोई रोक नहीं सकता। सोचने वाले सोचते रह जाते हैं और मेहनत करने वाले आगे निकल जाते हैं। आप ऊंचे सपने देखें और परिस्थितियों से जूझते हुए पूरी इच्छाशक्ति के साथ मेहनत करें तो सफलता मिलना तय है।

उक्ताशय के उद्गार कोरबा जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने व्यक्त किए। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान के द्वारा शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 17 सितंबर शनिवार को आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिंह ने कहा कि जीवन में सीखने के लिए हर समय ललायित रहना चाहिए। शिक्षा में बड़ी ताकत होती है। डॉ.अंबेडकर ने कहा है कि जो शिक्षा रूपी शेरनी का दूध पियेगा वही आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा कष्ट, चुनौतियां व परेशानी हमें ही है, ऐसा लगना महत्वपूर्ण नहीं बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि आप अपने आप को आगे बढ़ाने के लिए किस तरह तैयार करते हैं, आप में कितनी इच्छाशक्ति है। संसाधनों के अभाव से जूझकर भी हजारों लोग आगे बढ़े हैं। भारत की पहली दिव्यांग महिला पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा का उदाहरण देते हुए एसपी सिंह ने कहा कि हमें परिस्थितियों को दोष देने की बजाय स्वयं से प्रोत्साहित होकर मेहनत करना चाहिए। सिंह ने जेएसएस के प्रशिक्षार्थियों को कौशल की डिग्री मिलने की शुभकामनाएं देते हुए जेएसएस के डायरेक्टर और पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि स्कील्ड का रास्ता दिखाने से बड़ी दूसरी कोई समाज सेवा नहीं हो सकती। यहां से निकलकर प्रशिक्षार्थी अपने हुनर का भरपूर लाभ उठाएं।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, विशिष्ट अतिथि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. तारा शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी जेपी खाण्डे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन सिंह कंवर, डॉ.राजेंद्र सिंह, प्राचार्य मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, मति गीता एडवर्ड प्राचार्य टाइनी कॉटेज एनटीपीसी भी उपस्थित रहे। इससे पहले भगवान विश्वकर्मा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर एवं पौधे भेंट कर किया गया। अतिथियों ने प्रशिक्षार्थियों को कौशल का प्रमाण पत्र प्रदाय कर उनको उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। आयोजन में जेएसएस के निदेशक सहित सावित्री जेना, तृष्णा मोहंती, लक्ष्मी चटर्जी, विजय लक्ष्मी महंत, सुनीता राठौर, ज्योति बरेठ, सतरूपा प्रजापति, वासुदेव, नरेंद्र, किशोर महंत, उमेश, संजय, अनीता चौहान व प्रशिक्षण हितग्राही उपस्थित थे।